## ब्रीफ न्यूज

### चालक सड़क पर स्टैंड बनाकर खड़ी कर देते हैं ऑटो



**रीवा, स्वतंत्रमत।** ढेकहा तिराहा में ऑटो स्टेण्ड निर्धारित नहीं है, बावजूद इसके मुख्य तिराहे पर ही पूरी सडक़ पर ऑटो जमा रहते हैं, जिससे सतना की ओर से आने वाले वाहन तथा बनकुइयां की ओर से आने वाले वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने में काफी मशक्कत करना पड़ती है। यहां तो ऑटो खड़े रहते हैं इसके अलावा बनकुईयां की ओर जाने वाले मार्ग में भी सडक़ का काफी हिस्सा ऑटो स भरा रहता है, जिससे इस ओर जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ती है।

**जब तक ओवरलोड नहीं भरते हिलते भी नहीं :** यहां खड़े होने वाले ऑटो चालक जब तक ओवरलोड सवारियां न भर लें तब तक यहां से हिलते भी नहीं हैं। पीछे आने वाले वाहन चालक हॉर्न बजाते रहते हैं, लेकिन इससे इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है, विवाद भी होते हैं, लेकिन इसके बाद भी सुधार नहीं हो रहा।

# एमपीआईडीसी के जीएम का कारनामा, वन विभाग से कराना चाहते हैं गलत काम, कर चुके हैं हंगामा

**33 केवी की पहले लाइन खींचने का प्रस्ताव पहले वन विभाग को भेजा, नियमों का पेंच फंसा तो 11 केवी का भेज दिए**

### दोनों ही लाइनों को खींचने में 1 हेक्टेयर से ज्यादा की वन भूमि फंस रही, केन्द्र से ही मिलेगी मंजूरी

रीवा, स्वतंत्रमत



गुढ़ में मप्र औद्योगिक विकास निगम ने बदवार को औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित किया है। यह सालों से विकसित किया जा रहा है। करोड़ों रुपए इसकी व्यवस्था बनाने में फूंके जा चुके हैं। प्लाट काट कर इन्वेस्टर को दिया जा रहा है। यहां पर फिलहाल बिजली का सब स्टेशन नहीं है। इसी इंतजाम में एमपीआईडीसी के रीवा के अधिकारी लगे हुए हैं। रीवा जीएम ने इसके लिए एढ़ी चोटी का जोर लगा दिया है। टीकर से लाइन खींचकर बदवार तक लानी है। यह क्षेत्र चारों तरफ से वन भूमि से घिरा हुआ है। यहां एक खंभा भी लगाना है तो वन विभाग की अनुमति लेनी पड़ेगी। अब ऐसे में एमपीआईडीसी पूरी की पूरी लाइन ही यहां से नियम विरुद्ध तरीके से खींचकर ले जाना चाहती है। इसी को लेकर वन विभाग के अधिकारियों पर अधिकारी दबाव बनाने में लगे हुए हैं। डीएफओ दफ्तर में रीवा जीएम हंगामा तक मचा चुके हैं। एक महिला कर्मचारी पर तो 1 लाख मांगने का आरोप तक लगा चुके हैं। इतना सब कुछ करने के बाद भी उनकी फाइल क्लियर नहीं हुई। मामला पेंडिंग में है।

### 11 केवी लाइन खींचने की भी नहीं मिल रही अनुमति

एमपीआईडीसी के अधिकारी टीकर से बदवार इंडस्ट्रियल एरिया तक पहले 33 केवी की लाइन खींचना चाहते थे। इसमें करीब 3 हेक्टेयर भूमि फंस रही थी। रीवा वन विभाग से सिर्फ 1 हेक्टेयर से कम की फाइलों को स्वीकृत किया जा सकता है। यही वजह है कि एमपीआईडीसी ने अपने प्रस्ताव में बदलाव कर दिया। उन्होंने 11 केवी की स्वीकृति के लिए आवेदन कर दिया। इसमें भी करीब 2 हेक्टेयर जमीन फंस रही। इस प्रस्ताव को भी डीएफओ ने ओके नहीं किया। फाइल लंबित है।

### यह है फाइल स्वीकृति का नियम

यदि किसी प्रोजेक्ट में वन भूमि 1 हेक्टेयर से कम फंस रही है तो इसकी स्वीकृति डीएफओ स्तर से दी जा सकती है। यदि इससे अधिक है तो केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय के पास ही आवेदन आनलाइन भेजना पड़ेगा। वहीं से स्वीकृति प्रदान की जाएगी। जबकि एमपीआईडीसी के जीएम वन संरक्षण अधिनियम 1980 की जगह वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत स्वीकृत पर अड़े हुए हैं। अभी विवाद जारी है।

### डीएफओ कार्यालय में हंगामा भी किए थे जीएम

एमपीआईडीसी में पीडब्लूडी से रिटायर्ड एसडीओ केके गर्ग के पहुंचने के बाद से यहां नियम विरुद्ध कार्यों को कराने की बाढ़ सी आ गई है। एमपीआईडीसी में संविदा पद पर केके गर्ग पदस्थ हैं। इनके दिमाग से ही पूरा खेल चल रहा है। जुगाड़ से रिटायर होने के बाद भी बेरोजगार युवकों का हक मार कर नौकरी कर रहे हैं। डिप्टी सीएम का खास बताकर अधिकारियों पर रौब झाड़ते चलते हैं। यही वजह है जीएम ने डीएफओ चेम्बर में पहुंच कर हंगामा भी किया था।

# पुलिस से भिड़े कांग्रेस नेता, बैरिकेड्स तोड़े, खाद समस्या को लेकर प्रदर्शन



### सीएम को ज्ञापन देने जा रहे थे, पुलिस ने रोका तो भड़के

**मऊगंज, स्वतंत्रमत।** सीएम डॉ. मोहन यादव रविवार को मऊगंज के देवतालाब दौरे रहे। इस दौरान खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता सीएम को ज्ञापन सौंपना चाह रहे थे। इसके लिए वे मऊगंज बायपास से होकर देवतालाब जाने वाले थे। तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। मऊगंज के पूर्व कांग्रेस विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में करीब 3-4 हजार किसान और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए बैरिकेड्स तोड़ दिया। बाद में पुलिस ने पूर्व विधायक समेत अन्य प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। पूर्व विधायक ने कहा कि हम यहां पिकनिक मनाने नहीं आए हैं, बल्कि उन किसानों और छात्रों की आवाज बनने आए हैं, जिन पर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाई जा रही हैं। उन मरीजों के लिए खड़े हैं, जिन्हें अस्पतालों में इलाज और पोस्टमॉर्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

# खंडहरों में संचालित हो रहे शासकीय कार्यालय

### वर्षों से नहीं की मरम्मत, छत सहित दरवाजे, खिड़कियां कंडम, छज्जे का प्लास्टर भी गिरा



**रीवा, स्वतंत्रमत।** महानगर की श्रेणी में पहुंच रहे रीवा शहर में आज भी कई शासकीय कार्यालय खंडहरों में संचालित किए जा रहे हैं, जिससे कार्यालयों का रिकार्ड तो बर्बाद हो ही रहा है साथ ही यहां बैठने वाले अधिकारी, कर्मचारियों की भी जान पर बनी रहती है। कब भवन का कौन सा हिस्सा नीचे आ गिरे कहा नहीं जा सकता। खंडहर हो चुके इन कार्यालय भवनों की लंबे समय से मरम्मत ही नहीं हुई, जिससे कार्यालयों की हालत खस्ता हो चुकी है। शासकीय कार्यालयों की दुर्दशा का उदाहरण उर्रहट में स्थिति सिंचाई विभाग, बिछिया स्थित पशु चिकित्सालय व होमगार्ड लाइन में देखा जा सकता है।

उर्रहट स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय पूरी तरह से खंडहर हो चुका है। यहां लगभग हर कमरे की छत रिसती है, जिससे यहां संधारित रिकार्ड खराब हो रहा है। परिसर में बरसात का पानी भर जाता है, जिसके चलते लंबी खरपतवार उग आई है। खिड़कियां टूट चुकी हैं, दरवाजे जवाब दे गए, छत पर लगे बिजली उपकरणों में बरसात का पानी रिस रहा है, जिससे दीवारों में करंट उतरने का खतरा बना है।

### बैरेक व सैनिक निवास कंडम

होमगार्ड कार्यालय परिसर में स्थित बैरक, सैनिक निवास काफी पुराने हैं, जिनकी छत में सीमेंट के चद्दर लगे हैं, चद्दरों में बड़े-बड़े छेद हो गए हैं, जिनसे बरसात का पानी यहां उपस्थित नगर सैनिकों ने नाम प्रकाशित नकरने की शर्त पर बताया कि काफी समय से इन भवनों की मरम्मत नहीं हुई, बरसात में छत से पानी टपकता है, जिससे बैरिक व सैनिक निवास में रखा सामान खराब हो रहा है।

### बरामदे का प्लास्टर गिरा

बिछिया स्थित पशु चिकित्सालय के बरामदे का प्लाटर गिर चुका है, जिसे अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि बरामदे का छज्जे का प्लास्टर गिरा है, किन्तु अंदर कक्ष ठीक हैं। ये तो मात्र कुछ उदाहरण हैं, जो कार्यालय पुराने भवनों में संचालित किए जा रहे हैं, लगभग सभी में इस प्रकार के हालात देखे जा सकते हैं, जिससे यहां कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों की जान को खतरा बना हुआ है।

# लट्ठे और बल्ली के सहारे टिकी शिव मंदिर की छत

### जर्जर हालत के कारण नहीं हो पा रहे गणेश चतुर्थी, नवरात्रि आदि आयोजन

**रीवा, स्वतंत्रमत।** शहर के फोर्ट रोड पर वार्ड क्रमांक 35 में स्थित करीब सौ से डेढ़ सौ वर्ष प्राचीन लल्ला बहादुर शिव मंदिर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। मंदिर की छत काफी जर्जर हो चुकी है, मंदिर धर्मार्थ के अधीन आता है, जिसकी गत वर्ष मरम्मत शुरू की गई थी, लेकिन कार्य बीच में छोड़ दिया गया, जिसके चलते मंदिर की छत टिकी रहे इसके लिए छत के नीचे बड़े-बड़े लट्ठे लगाए गए हैं। लेकिन साल भर बीतने के बाद भी मंदिर की मरम्मत का कार्य पूर्ण नहीं हुआ, जिससे मंदिर में फिलहाल गणेश चतुर्थी, नवरात्रि सहित तीज पूजन सहित अन्य पूजन व आयोजन बंद हैं। मंदिर के पुजारी पं. पुरषोत्तम शुक्ला के पुत्र अंतिम शुक्ला ने बताया कि मंदिर काफी पुराना है, उनकी कई पीढिय़ां यहां पूजन करवाती आई हैं। मंदिर की हालत तो पिछले कई सालों से खराब हो रही है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। बीसों बार प्रशासन को आवेदन सौंपे गए, किन्तु किसी ने भी सुध नहीं ली। गत वर्ष यहां की छत मरम्मत का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन बीच में काम छोड़ दिया गया, जिससे मंदिर की छत से पानी रिसने लगा था, छत को बचाने की गरज से नीचे से लकड़ी के लट्ठों का टेका लगा रखा है। एक साल से मंदिर की छत ऐसे ही टिकी है। यहां गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, तीज, श्रावण माह, महाशिवरात्रि सहित अन्य त्योहारों पर धार्मिक अनुष्ठान होते थे, जो पिछले साल भर से बंद पड़े हैं। कई बार प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान देने को तैयार नहीं। कोई धार्मिक व सामाजिक संगठन भी प्राचीन मंदिर को बचाने आगे नहीं आ रहे।

**मंदिर की भूमि पर हो गया अवैध कब्जा :** पुराने लोगों के अनुसार इस मंदिर की करीब डेढ़ एकड़ भूमि में निर्मित है, मंदिर के अलावा आसपास खाली भूमि थी, बगल की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण ककर लिया गया है, इसकी शिकायत भी पूर्व में कई बार कर चुके हैं, लेकिन मंदिर की भूमि से कब्जा नहीं हटाया गया।

# काला पानी पीने को मजबूर वार्ड 12 के रहवासी

### पीएचई द्वारा प्रदाय किया जा रहा पानी नलों से निकल रहा एकदम काला

**रीवा, स्वतंत्रमत।** शहर के वार्ड 12 के रहवासियों को गुरुवार को पीएचई ने काले पानी की सजा दी। लोगों ने पीएचई द्वारा प्रदाय किया जाने वाला पानी भरने के लिए जैसे ही अपने नल खोले उनमें ऑयलनुमा एकदम काला पानी निकलने। जो दुर्गंध तो मार रहा था अपितु जहां-जहां पानी गिर रहा था वहां उसके काले-काले निशान भी पड़ते जा रहे थे। वार्ड के रहवासियों को पिछले दो वर्षों से पीएचई द्वारा प्रदाय किया जा रहा पानी गंदा व बदबूदार मिल रहा है, जिसके चलते वार्ड के रहवासियों को प्यास बुझाने के लिए बाजार में बिकने वाला पानी खरीदना पड़ रहा है।

**गंदा पानी क्यों आ रहा ये जानने का प्रयास ही नहीं किया :** वार्ड के लोगों का कहना है कि कईयों बार शिकायत करने के बाद भी नलों में गंदा व बदबूदार पानी क्यों आ रहा है जिम्मेदारों ने ये जानने का कभी प्रयास नहीं किया। लोगों ने बताया कि जिनके घरों में बोरिंग हैं, उनमें भी पीने योग्य पानी नहीं आता, खारा पानी आता है। पीने का पानी उन्हें रोजाना खरीदना पड़ रहा है। जो गंदा पानी नलों के माध्यम से उन्हें प्रदाय किया जा रहा है, उसके बिल मिल रहे हैं और लोग समय-समय पर बिल भी अदा कर रहे हैं। इसके बाद भी वार्ड के रहवासियों की सुनवाई नहीं हो रही।

# गड्ढे बचाने उपर आते हैं बड़े वाहन चालक

### बाइपास में गड्ढों के कारण आए दिन घट रही दुर्घटनाएं

**रीवा, स्वतंत्रमत।** बाइपास में जगह-जगह हो रहे गड्ढों के कारण यहां से गुजरने वाले हैवी वाहन गड्ढा बचाने के चक्कर में सामने से आ रहे या बगल से जा रहे छोटे वाहनों के उपर आते है, जिससे छोटे वाहन चालकों को अपना बचाव करना पड़ता है। कई बार ऑटो, बाइक चालक अचानक उपर आए वाहनों से बच पाने में सफल नहीं होते जिससे वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। बाइपास का चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन पुरानी सडक़ पर उखड़ी होने से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### बाल-बाल बची महिलाएं व बच्चे

गुरुवार सुबह सेमरिया रोड स्थित बाइपास के समीप एक ऑटो सवारियां भरकर जा रहा था, अचानक सामने से आ रहा ट्रक ऑटो वाले उपर आ गया, हालांकि ऑटो चालक ने तत्परता दिखाते हुए अपना ऑटो पटरी पर उतार दिया, जिससे कोई अनहोनी होने से टल गई, ऑटो में अधिकांश सवारियां महिलाएं व छोटे बच्चे थे। ऑटो चालक संतोष साकेत ने बताया कि वे इसी मार्ग से सवारियां ढोते हैं, जिससे यहां से निकलने पर सावधानी बरतना पड़ती है। उन्होंने ट्रक वाले को उपर आते देख अपना ऑटो पटरी पर उतार दिया, लेकिन यहां बनी पटरियां भी उबड़-खाबड़ हो गई हैं तो कहीं दब गई हैं, बाइपास की सडक़ भी समतल नहीं है, उपर से सडक़ उंची है और आसपास से दबी हुई है, उपर से जगह-जगह गहरे गड्ढे, जिससे यहां पहली-दूसरी बार आने वाले बाइक सवार व अन्य वाहन चालक हैवी वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। अब तक यहां सैंकड़ों दुर्घटनाएं घट चुकी हैं। यहां से गुजर रहे हाइवा चालक कमलेश सिंह ने बताया कि पूरे बाइपास में कई जगह गड्ढे हो रहे हैं, लोडिंग वाहन गड्ढों में उतर जाते हैं तो उनमें टूट-फूट हो जाती है। जिससे अधिकतर लोडिंग वाहन चालक गड्ढों से बचाव करते हैं। बाइपास चौड़ा हो तब तक यहीं पर चलना विकल्प है। गड्ढों का भराव करवा दिया जाए तो वाहन चालकों को दिक्कत नहीं होगी, किन्तु कोई इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहा।

# 108 शीशी नशीली सिरप के साथ पकड़ाया तस्कर

### लंबे समय से कर रहा था अवैध कारोबार

### बाइक से करता था तस्करी



**रीवा, स्वतंत्रमत** रीवा पुलिस ने लंबे समय से नशीली सिरप की तस्करी में शामिल शातिर तस्कर विजय कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। एसपी विवेक सिंह ने बताया कि 6 सितंबर को थाना रायपुर कर्चुलियान की पुलिस ने एनएच 30 रोड, सुरसा खुर्द मोड़ के पास एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर की बाइक पर बोरी में भरकर अवैध नशीली कफ सिरप ले जा रहे आरोपी को पकड़ लिया।

आरोपी विजय कुमार पटेल, पिता बुद्धसेन पटेल, उम्र 28 वर्ष, उमरी गांव थाना रायपुर कर्चुलियान का रहने वाला है। उसके पास से कुल 108 शीशियां अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की गई, जिसकी कीमत 21,060 रुपए बताई जा रही है। परिवहन में प्रयुक्त काले रंग की बाइक, जो बिना नंबर की थी, भी जब्त की गई। इसकी कीमत लगभग 50,000 रुपए है।

### आरोपी न्यायालय में पेश, जेल भेजा गया

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। उसके बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। एसपी विवेक सिंह ने कहा कि जिले में नशीली सिरप के व्यापार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# देवतालाब, बनारस और प्रयागराज धार्मिक क्षेत्र का अनूठा त्रिकोण हैं : मुख्यमंत्री



### देवतालाब शिव मंदिर में होगा शिवलोक का निर्माण

### मुख्यमंत्री ने देवतालाब में 241 करोड़ 33 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण

रीवा, स्वतंत्रमत

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव देवतालाब में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिव मंदिर देवतालाब अदभुत है। यहां पांच तत्वों का आभास होता है। ऐसा अद्भुत मंदिर केवल विश्वकर्मा जी ही बना सकते हैं। देवतालाब, बनारस और प्रयागराज महत्वपूर्ण धार्मिक त्रिकोण हैं। देवतालाब आस्था, इतिहास और आनंद का संगम है। यह श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है। ऐसी मान्यता है कि देवतालाब के शिव का दर्शन करने पर ही चारोंधाम की यात्रा का फल मिलता है। उसके बिना चारोंधाम की यात्रा अधूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के वैदिक ज्ञान और ज्योतिष ने दुनिया का मार्ग प्रशस्त किया है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी उसे सपने को साकार करने में प्राणपण से जुटे हैं। गरीब, महिला, युवा और किसानों के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। जब दुनिया के बड़े देश भारत को चुनौती दे रहे हैं तो प्रधानमंत्री जी ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का मंत्र देकर देश को मजबूती से आगे बढ़ाया है। आज दुनिया भर के मंचों में प्रधानमंत्री जी के नाम की धूम है।



मुख्यमंत्री ने देवतालाब स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा में मऊगंज जिले और देवतालाब विधानसभा क्षेत्र को अनेक सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने देवतालाब शिव मंदिर में शिवलोक के निर्माण तथा नईगढ़ी एवं देवतालाब में तहसील भवन निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवतालाब के अस्पताल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन होगा। देवतालाब में शासकीय महाविद्यालय में ऑडिटोरियम और अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा। अनुसूचित जाति और जनजाति विद्यार्थियों के लिए दो छात्रावास भवन बनाए जाएंगे। बहुती जलप्रपात में पर्यटन विकास निगम विकास के कार्य कराएगा। अष्टभुजी माता मंदिर में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। आदिवासी अंचल में टीपा बदोर से गढ़वा रोड तक 11 किलोमीटर की सड़क बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मऊगंज जिले को आज 241 करोड़ 33 लाख रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को दीवाली के बाद 1500 रुपए की राशि हर माह दी जाएगी। हाल ही में हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना मंजूर की गई है। इससे रीवा संभाग के रीवा, सीधी, सिंगरौली और मऊगंज जिलों के एक लाख 40 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। रीवा के सोलर प्लांट की बिजली से दिल्ली की मेट्रो रेल दौड़ रही है। मऊगंज के घुरेहटा में बाबा रामदेव के पतंजलि संस्थान द्वारा एक हजार करोड़ रुपए की लागत से कृषि पर आधारित उद्योगों का विकास किया जा रहा है। इससे लाखों किसान लाभान्वित होंगे। उज्ज्वला गैस योजना से 64 हजार से अधिक गैस के कनेक्शन दिए गए हैं। मऊगंज में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 44 हजार गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आवास मिले हैं। मुख्यमंत्री ने बनारस से आए लोक कलाकारों को 25 हजार रुपए, लोक नृत्य प्रस्तुत करने वाले दल के प्रत्येक सदस्य को पांच-पांच हजार रूपये तथा स्वागत गीत गाने वाली लोक गायिका राखी द्विवेदी को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब रीवा और मऊगंज में ही युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने समारोह में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने मंच में पहुंचने पर कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने पुष्पवर्षा कर लाड़ली बहनों और आमजनता का अभिनंदन किया।

समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश ने दो साल से कम समय में भी विकास किया है। विकास योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। आज मऊगंज को 241 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। क्षेत्र में सड़कों, नहरों और माइक्रो इरिगेशन परियोजना से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए 6 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

# मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा लकड़ियों से भरा ट्रक

**सिवनी से बालाघाट रोड पर टोल नाके के पास डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह लकड़ियों से भरा ट्रक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया।**



सिवनी /स्वतंत्रमत

घटना उस समय हुई जब लकड़ियों से भरा ट्रक सिवनी से बरघाट की तरफ जा रहा था। टोल नाके से पहले मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक के पलटने से पहले ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचा ली।

डूंडा सिवनी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। दुर्घटनास्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। घटना के समय वहां कोई नहीं था। पुलिस ने ट्रक को सड़क से हटवाने की कार्रवाई की।

पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसों का शिकार हो रहे हैं।

### युवक ने किया जहरीला पदार्थ का सेवन

सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र के घोंटी गांव में एक युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। घोंटी गांव निवासी प्रकाश यादव (30) ने सुबह के समय जहर खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जांच शुरू की। बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। युवक ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में जुटी है।



## बैनगंगा के तट पर मंत्रोच्चार के साथ हुआ तर्पण

सिवनी /स्वतंत्रमत

भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष की शुरुआत हो गई है। यह पर्व आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक चलेगा। बड़ी संख्या में लोग बैनगंगा नदी पर पितरों का तर्पण करने पहुंच रहे हैं। जिले में लखनवाड़ा, छपारा, केवलारी, सुनवारा, मझगवां और कोटिघाट सहित विभिन्न स्थानों पर लोग तर्पण कर रहे हैं। कुछ लोग स्थानीय तालाबों और अपने घरों में भी पितरों को जल अर्पित कर रहे हैं।भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष की शुरुआत हो गई है। यह पर्व आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक चलेगा। बड़ी संख्या में लोग बैनगंगा नदी पर पितरों का तर्पण करने पहुंच रहे हैं।

# कृषि उपज मंडी परिसर में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



सिवनी /स्वतंत्रमत

कृषि उपज मंडी परिसर में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

घंसौर। सम्पूर्ण भारत में 5 सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाता है।

इसी कड़ी में जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति मर्यादित सिवनी एवं जनपद पंचायत घंसौर के संयुक्त तत्वाधान में घंसौर कृषि उपज मंडी परिसर मेंअनुविभागीय दंडाधिकारी बिसन सिंह गौंड के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मंच का संचालन जनपद सदस्य मनीराम ककोड़िया नें किया जिसमें सर्व प्रथम उपस्थित अतिथियों नें दीप प्रज्वलित कर श्री सरस्वती जी व राधाकृष्णन के छाया चित्र पर तिलक कर माल्यार्पण किया।

आगंतुकों का पुष्प हार व उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व अतिथियों को तिलक लगाकर शाल भेंट कर स्वागत आयोजन समिति द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केंद्र घंसौर के अधिकारी एवं शिक्षक तथा जनपद पंचायत घंसौर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सोसायटी अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित जनपद सदस्य, सरपंच एवं भारी संख्या में रिटायर्ड शिक्षक मौजूद रहे।

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने नें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एक दिन का उपवास रखकर अपनी वेदना जाहिर की

# श्री वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया गया महोत्सव

सिवनी /स्वतंत्रमत

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश में महासमाधि धारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के शिष्य ने , मुनि श्री धर्मसागर जी महाराज,मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिन्ध्य में एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य डॉ नवीन जैन के निर्देशन में दशलक्षण महापर्व उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के अंतर्गत 6सितंबर 2025 को विशेष अभिषेक, विशिष्ट मंत्र शांतिधारा हुई,मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई,मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज के मुखारविंद से शांतिधारा हुई , श्री वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया, निर्वाण लाडू अर्पण किया गया, दशलक्षण महापर्व पूजन, की गई, महाआरती हुई, शास्त्र अर्पण किया गया, दशलक्षण महापर्व में कई लोगों ने जल आदि तरल पदार्थ लेकर 10 उपवास किए , मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज का केशलोंच संपन्न हुआ, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य डॉ नवीन जैन मैं लोगों को ध्यान, योग के माध्यम से तनाव मुक्ति के उपाय बताएं बच्चों को नशे से दूर रखने के उपाय बताएं पढ़ाई में बच्चे कैसे आगे बढ़े यह बताया, इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहाकि , एक दिन का ब्रह्मचर्य पालन करने से 9 लाख जीवों की रक्षा होती है,ब्रह्मचर्य व्रत सर्वश्रेष्ठ सुख प्रदान करता है, पत्नी छोड़कर सभी महिला वर्ग को मां, बहन,बालिका, मानता है ब्रह्मचर्य व्रत धारण करने वाला, कुल की मर्यादा लक्ष्मण रेखा के समान है, ब्रह्मचर्य व्रत से जीवों की रक्षा होती हैं, एक दिन का ब्रह्मचर्य पालन करने से 9 लाख जीवों की रक्षा होती है, सब व्रत में सबसे कठिन ब्रह्मचर्य व्रत है, ब्रह्मचर्य एक महा मूल्यवान रत्न है, आपका एक गलत कदम आपके नगर, समाज ,परिवार ,जाति माता,पिता, गुरु का नाम बदनाम कर सकता है, ब्रह्मचर्य धर्म सर्व धर्म की सिद्धि का आधार है, ब्रह्मचर्य के माध्यम से अनेक घटनाओं पर रोक लग सकती है, कमेटी ने बताया कि 7 सितंबर को प्रात: 8बजे प्रभु की विशाल रथ यात्रा निकली जाएगी, अधिक उपवास करने वालों का सम्मान किया जाएगा,पारणा महोत्सव संपन्न होगा।

# बरघाट पुलिस ने 400 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को धर दबोचा

सिवनी /स्वतंत्रमत

पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान व कार्यवाही हेतु जारी दिशा निर्देशो के पालन में व अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एव अनु. अधि. बरघाट ललित गठरे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. मोहनीश सिंह बैस के नेतृत्व में अरघाट पुलिस ने नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए 400 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। बरघाट पुलिस को दिनांक 02ू00ू2025 को मुखबिर की सूचना पर कि साल्हे कोसमी तिराहा मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रुप से गांजा रखा हुआ है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बरघाट निरी, मोहनीश सिंह बैस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी को स्टाफ की सहायता से घेराबंरी कर पकड़ा। जिससे स्टाफ द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम अक्षय पिता



कामता प्रसाद रजक उम्र 30 साल निवासी वार्ड न.4 नीलगिरी हनु?मान मंदीर के पास बारापत्थर सिवनी जिला सिवनी का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक थैले में रखी प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 400 ग्राम किमती 6000 रुपये करीबन को जप्त किया जाकर आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 489/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी अक्षय पिता कामता प्रसाद रजक उम्र 30 साल निवासी बारापत्थर सिवनी जप्त सामग्री 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 6000/- रुपये।

सराहनीय कार्य- अनु, अधि. बरघाट श्रीमान ललित गठरे के मार्गदर्शन में निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, सउनि लुपेश रहांगडाले. आर. 741 संजू उइके, आर.575 नपेन्द्र, आर. 734 उलेश, आर. 783 केशरीनंदन एंडे, आर. 805 उमेन्द्र, आर. 846 अनिल मर्सकोले।

# महिला प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर का प्रशिक्षण



सिवनी /स्वतंत्रमत

सेंट आर-सेटी सिवनी में 02 अगस्त से 05 सितम्बर 2025 तक 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर (लघु उद्यमी) प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें आजीविका मिशन सिवनी के सभी ब्लॉकों से 35 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन डीएसटी श्रीमती रजनी यादव द्वारा किया गया।

05 सितम्बर को प्रशिक्षण का मूल्यांकन मूल्यांकन अधिकारी प्रदीप कुमार नामदेव एवं श्रीमती निर्मला नागपुरे द्वारा किया गया। इसी अवसर पर समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एसबीआई एलडीएम प्रवीण कुमार दिसोरिया, एनआरएलएम से डीपीएम संजय रस्तोगी एवं एफएलसीसी राजेंद्र सदाफल उपस्थित रहे।

अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सेंट आर-सेटी के डायरेक्टर कुलदीप सिंह, संकाय सदस्य, स्टाफ व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# लखनवाड़ा पुलिस द्वारा अवैध शराब से भरे ट्रक को पकड़ा

सिवनी /स्वतंत्रमत

थाना लखनवाड़ा में दिनांक 06.09.2025 को रात्रि में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पीपरडाही में एक कमांक एमएच 04 जीआर 2024 से अवैध शराब का परिवहन करते हुये से जा पाए है। उभा सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक शिमाला प्रसाद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डे के कुशल नेतृत्व में बाना प्रभारी लखनवाडा द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर मुखबिर की सूचना अनुसार धाम पौसस्वामी ब्रिज के ओर जाने वाले रास्ते में ट्रक कमाक एमएँब 04 जीआर 2024 खड़ा मिला।

ट्रक में चालक एवं परिचालक बैठे हुये मिले जिनसे नाम पता पूछने पर चालक का नाम प्रेमसिंह पिता नर्मदाप्रसाद चौहान उम्र 35 साल निवासी गंगानगर इंदौर एवं परिचालक का नाम हर्षदीप सिंह पिता सतनाम सिंह सलूजा उम्र 20 साल निवासी 154ए संतनगर इंदौर का रहना बताये। चालक से रोड में ट्रक क्यों खंड किय हो एवं क्या भरा है पूछने पर चालक द्वारा ट्रक में खोदीग्राम बरवाह जिला खरगौन से वेयर हाउस सिवनी की शराब भरी होना बताया शराब के दस्तावेज पूछे गये चालक ने दस्तावेज में साहिल रोडवेज की बिल्टी ASSOCIATED ALCOHOLS AND BREWERIES LIMITED (AABL) KHODIGRAM BARWAHA क्रं शराब परिवहन करने की अनुज्ञप्ति दिनाक 02.09 2025 से 04.09.2025 के 03ू09 बजे तक की थी। ट्रक कमांक एमएच 04 जीआर 2024 में अवैध शराब का परिवहन करना पाया गया। ट्रक क्रमांक एमएच 04 जीआर 2024 से अवैध शराब मैकडबल नंबर वन की 848 नग पेटियां प्रत्येक पेटी में 48 पाव कुल 40704 पाय प्रत्येक में 180 एम0एल0 शराब भरी हुई 7326.72 लीटर, मैकजबल नंबर वन शराब की 250 नग पेटिया एक पेंटी में 24 अद्धा (हाफ) कुल 6000 नग प्रत्येक में 375 एम.एल. शराब भरी हुई 2250 लीटर कुल 1098 मंटियां कुल शराब 9575.72 लीटर कीमती लगभग 90,00,000 एवं शराब परिवहन में उपयोग किया गया ट्रक कमांक एमएच 04 जीआर 2024 कीमती करीबन 15,00.000 को विधिवत् जप्त किया गया।




आरोपियों चालक प्रेमसिंह पिता नर्मदाप्रसाद चौहान उम्र 35 साल निवासी गंगानगर इंदौर एवं परिचालक हर्षदीप सिंह पिता सतनाम सिंह सलूजा उम्र 20 साल निवासी 154 ए सतनगर इदीर के द्वारा अनुज्ञप्ति अवधि समाप्ति के उपरांत भी अवैध रूप से शराब वाहन परिवहन करते पाये जाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



सिवनी /स्वतंत्रमत

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लायकवार के मार्गदर्शन में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में 6 सितम्बर को ग्राम कोहका (परियोजना सिवनी ग्रामीण-2) में महिला स्वच्छता एवं किशोरी बालिकाओं की समस्याओं पर केंद्रित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन एवं शासन की योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की।

इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर प्रभारी श्रीमती ईशा श्रीवास्तव, केस वर्कर, काउंसलर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती माधवी शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# विशेष पेंशन शिविर का आयोजन 8 से 15 तक

सिवनी /स्वतंत्रमत

जिला पेंशन अधिकारी कार्यालय सिवनी द्वारा पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष पेंशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 08 सितम्बर 2025 से 15 सितम्बर 2025 तक पेंशन कार्यालय सिवनी में आयोजित होगा।

इस शिविर में दिनांक 31 मार्च 2025 की स्थिति में लंबित सभी पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। शिविर अवधि में संबंधित शाखा प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अधिकारी उपस्थित रहकर पेंशनधारियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

जिला पेंशन अधिकारी ने बताया कि विशेष पेंशन शिविर का उद्देश्य पात्र पेंशनधारियों को समय पर लाभान्वित करना एवं उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करना है।

उन्होंने सभी पात्र पेंशनधारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर में उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का निराकरण कराएं।

## कपिल चंदेल ने बी ए एलएलबी ऑनर्स की डिग्री हासिल की

सिवनी /स्वतंत्रमत

कपिल चंदेल ने देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी नेशनल ला यूनिवर्सिटी दिल्ली में 5 वर्ष अध्ययन उपरांत आज बी ए एलएलबी ऑनर्स की डिग्री हासिल कर ली। 6 सितंबर 2025 को नेशनल ला यूनिवर्सिटी दिल्ली के ऑडिटोरियम में सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती बी वी नागरत्ना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गरिमामय दीक्षांत समारोह में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं श्री डी के उपाध्याय के कर कमलों द्वारा कपिल को डिग्री प्रदान की गई।

# जैन पर्यूषण पर्व संपन्न

सिवनी /स्वतंत्रमत

अतिशय क्षेत्र लखनादौन में पर्यूषण पर्व मै दसों दिन सभी जैन मंदिरों में पूजन पाठ अभिषेक शांति धारा , रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटकों का मंजन एवं संगीतमय आरती का आयोजन किया गया, दोपहर मै धार्मिक क्लाश का बाचन चलते रहा, जिसमे सभी ने धर्म लाभ अर्जित किया आज अनंत चतुर्दशी के महापर्व पर भगबंन् जी की भव्य शोभायात्रा निकली, भगवान महावीर स्वामी की शोभा यात्रा, पालकी पर ओर ,रजत रथ ( चांदी )के रथ पर निकली, शोभा यात्रा चंदा प्रभु जिनालय से निकलकर , सुनारी मोहल्ला, बस स्टैंड होते हुए वापस बाजार चौक पहुची, सभी धर्म प्रेमी बंधु अपने-अपने ड्रेस कोड में रहे , पुरुष बच्चे सफेद वस्त्र, और केसरिया धोती मे रहे, सभी महिलाएं अपनी पीले वस्त्र में, बालिका मंडल सफेद ड्रेस मे रही, सभी अनुशासन से धर्म प्रभावना करते हुए जैन धर्म जिनेंद्र भगवान का गुणगान करते हुए यह शोभायात्रा में शामिल रहे, इसके बाद शोभायात्रा जिन मंदिर पहुंची जहां पर श्रीजी का महामस्त अभिषेक शांति धारा संपन्न हुई,, जिसमें सभी जैन मंदिरों में सभी लोगों ने अभिषेक ओर शांति धारा कर पुण्य लाभ अर्जित किया, , रात्रि में महाआरती का आयोजन संपन्न हुआ और आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी आज के चरण चिन्ह पर 48 दीपों की महा आरती कर भक्तांबर पाठ का आयोजन किया गया।

जिले का एक मात्र 100 बिस्तर वाला अस्पताल आईएसओ सर्टिफाईड 9001:2008

जिंदल हॉस्पिटल डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर

ब्लड बैंक सुविधा उपलब्ध. सिवनी में पहली 1.5 टेस्ला एमआरआई ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

हमारी सुविधाएं: एम.आर.आई.,सी.टी. स्केन,डायलिसिस,पैथोलॉजी (सभी प्रकार की जाँच सुविधा)ऑपरेशन सुविधाः हड्डी जोड़ने के लिये नैलिंग प्लेटिंग, रॉड एण्ड इम्प्लांट फिक्सेशन, बिना टांके के बच्चादानी ऑपरेशन, हिप्स और घुटने का रिप्लेसमेंट

दलसागर तालाब के पास भगत सिंह वार्ड सिवनी मो.- 6260196758

हमारी सुविधाएं

टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-ड इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जाँच सुविधा)

जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा

24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814